# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
## Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : गोप0/625
दिनांक 18-12-2020

### प्रेस–विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि परीक्षा समिति की आपात बैठक दिनांक 01.12.2020 में लिये गये संकल्प के अनुसार विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों/संस्थानों/विश्वविद्यालय परिसर में वार्षिक/सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत संचालित पाठ्यक्रमों में कोविड–19 महामारी के दृष्टिगत समस्त विद्यार्थियों के परीक्षाओं में प्रोन्नति से सम्बधित परीक्षा परिणामो में विसंगति व छात्रों में व्याप्त भ्रम को दृष्टिगत रखते हुए परीक्षा समिति द्वारा विस्तृत चर्चा की गई, चर्चा के उपरान्त परीक्षा समिति द्वारा प्रोन्नति से सम्बधित परीक्षा परिणामों के संशोधन की नीति निम्न प्रकार तय की गई:–

1. वार्षिक परीक्षाओं के साथ बैक पेपर का आवेदन करने वाले विद्यार्थियों को उनके पूर्व वर्ष के उत्तीर्ण प्रश्नपत्रों के औसत अंकों के आधार पर बैक पेपर के अंक प्रदान करते हुए पूर्व व वर्तमान वर्ष दोनो का संशोधित परीक्षा परिणाम घोषित किया जायेगा।
2. मध्यस्थ वर्षों के प्रोन्नत विद्यार्थियों का परीक्षाफल उनके पूर्व वर्ष के परीक्षा परिणाम पर निर्भर करेगा जिसमें उत्तीर्ण न होने की स्थिति में विद्यार्थी वर्ष 2021 की परीक्षाओं के साथ परीक्षा दे सकता है।
3. सेमेस्टर बैक पेपर के संदर्भ में सम–सेमेस्टर में प्राप्त आवेदनों को उपरोक्त क्रम संख्या 01 के अनुसार संशोधित किया जायेगा। भूतपूर्व छात्रों के रूप में परीक्षाफार्म भरने वाले अभ्यर्थियों को पूर्व के सेमेस्टर/सेमेस्टरों के उत्तीर्ण प्रश्नपत्रों के प्राप्तांको के आधार पर औसत अंक प्रदान किये जायेंगे।

18/12/2020
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–

1. सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. व्यैक्तिक सहायक, प्रति कुलपति को प्रति कुलपति जी के सूचनार्थ।
3. व्यैक्तिक सहायक, कुलसचिव जी को कुलसचिव के सूचनार्थ।
4. व्यैक्तिक सहायक, परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ।
5. प्रभारी, कम्प्यूटर सेल, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
6. प्रभारी, रिजल्ट सेल, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
7. प्रभारी, वेबसाईट चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
8. प्रेस प्रवक्ता, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

सहा0 कुलसचिव (गोप0)